

## एक नजर में

### कुक्षी में पोषण पखवाड़े की शुरूआत बच्चों के विकास और पोषण पर जोर



**कुक्षी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे आठवें पोषण पखवाड़े का शुभारंभ कुक्षी परियोजना के वार्ड क्रमांक-3 स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी सुभाष जैन एवं परियोजना अधिकारी सुश्री मंजुला बघेल के मार्गदर्शन में आयोजित यह अभियान 9 से 23 अप्रैल तक चलेगा। इस वर्ष के पोषण पखवाड़े का मुख्य विषय जीवन के पहले 6 वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना रखा गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर में सुधार लाना है। अभियान का शुभारंभ वार्ड पार्षद माया पाटीदार, पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष लोकेश सरदार, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष संदीप पटेल, बूथ अध्यक्ष मयूर पाटीदार एवं बूथ मंत्री ध्रुव राठौड़ द्वारा किया गया। अतिथियों ने उपस्थित जनसमूह को सही पोषण और बच्चों के सर्वांगीण विकास के महत्व से अवगत कराया.पखवाड़े के दौरान कुपोषण को ज? से मिटाने के लिए कई गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी, जिनमें प्रमुख रूप से पोषण पंचायत एवं जागरूकता रैली,पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता खेल-आधारित शिक्षा,आंगनवाड़ी केंद्र गोद लेने हेतु प्रोत्साहन.इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती मीनाक्षी परसाई, हंसा पाटीदार, सहायिका श्रीमती गायत्री गुप्ता, श्रीमती निर्मला परसाई एवं आशा कार्यकर्ता रंजना सराफ सहित मालती गुप्ता, लीला भावसार, साबेरा खान, साधना सराफ, मिल्की पाटीदार, नीलिमा भावसार, अलका भावसार, शर्मिला भावसार और सुशीला गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

### सेवा समर्पण पखवाड़े में टोल फ्री नंबर व एकल खिड़की प्रणाली का शुभारंभ

**बदनावर।** नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव के नेतृत्व मे सुशासन अन्तर्गत दिनांक 13 अप्रैल 2026 को अध्यक्ष टोल फ्री नम्बर 07295-232020 एवं एकल खि?की प्रणाली का शुभारंभ किया जायेगा, जिसके तहत नगर के आम नागरिको को मूलभूत सुविधाओ एवं समस्याओ के समाधान हेतु टोल फ्री नम्बर जारी कर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र जी मोदी के नेतृत्व मे केन्द्र सरकार द्वारा संचालित एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन जी यादव के नेतृत्व मे संचालित मध्यपद्रेश शासन की समस्त विभिन्न जनकल्याणकारी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (बीएलसी), आयुष्यमान कार्ड, पेंशन, भवन एवं संनिर्माण कर्मकार योजना, संबल कार्ड, नामांतरण, निर्माण कार्य, सफाई संबंधित समस्या, जलप्रदाय संबंधित समस्या एवं मूलभूत सुविधा की समस्या के समाधान हेतु टोल फ्री नम्बर जारी किया जायेगा। साथ ही सेवा पखवा?ा स्वच्छता अभियान का शुभारंभ, वार्ड क्रं. 15 (रामसेतु डेम) सीता वाटिका पर पौधा रोपण, विभिन्न वार्डो मे जल मंदिर का शुभारंभ, वार्ड क्रं. 01 इन्द्रेश महादेव वाटिका गार्डन का भूमिपूजन, जल गंगा सर्वधन अभियान का शुभारंभ (रामसेतु डेम), स्वच्छता अभियान अन्तर्गत वर्षा ॠतु पूर्व ब? नालो की सफाई, सम्पूर्ण शहर मे पेयजल नल स्टेण्ड का शुभारंभ एवं विभिन्न वार्डो मे नगर सरकार अन्तर्गत वार्ड वार शिविर का शुभारंभ कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी प्रदाय कर हितग्राहीयों को लाभ दिलाने जाने हेतु प्रेरित करना। नागरिको से अपिल है कि जनकल्याणकारी योजना एवं मूलभूत सुविधा अन्तर्गत अध्यक्ष टोल फ्री नम्बर 07295-232020 पर सूचित कर योजनान्तर्गत लाभ लेवे। अपील है कि शुभारंभ अवसर पर वार्ड के समस्त पार्षद महोदय, एल्डरमेन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक सादर आमंत्रित होकर उपरोक्त कार्यक्रम को सफल बनाये।

### भोज नगर दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में शिव पुराण आज से

**धार।** धार शहर के भोज नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में



आज 11 अप्रैल शनिवार से 17 अप्रैल तक श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा के मुख्य यजमान पंडित जयप्रकाश त्रिपाठी एवं श्रीमती मधुलता त्रिपाठी रहेंगे। इस अवसर पर 11 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे दुर्गा माता मंदिर से एक की भव्य कलश यात्रा भोज नगर से त्रिमूर्ति नगर में निकल जाएगी। कथा का वाचक गौ सेवक मालव माटी के संत पंडित श्री निर्मल पुरी गोस्वामी जी महू गांव वाले करेंगे ।कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक होगा। उक्त जानकारी शिव पुराण कथा के मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने दी।

### लव जिहाद का सनसनीखेज कांड! शादी का झांसा, होटल में दुष्कर्म, धर्म बदलने का दबाव

**नाम बदलकर फंसाया, विरोध पर दी धमकी – 'मुस्लिम बनो, निकाह करो**

**धामनोद** ।धामनोद में एक युवती के साथ कथित 'लव जिहाद' का



मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने पहले दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर उसे अपने जाल में फंसा लिया। करीब दो साल पहले महेश्वर की एक मोबाइल दुकान पर हुई पहचान धीरे-धीरे नजदीकी में बदल गई। आरोपी ने खुद को दूसरे नाम आदित्य ठाकुर से परिचित कराया और भरोसा जीत लिया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी उसे कई बार मिलने के बहाने होटल लेकर गया, जहां उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए। आरोप है कि 10 दिसंबर 2025 और फिर 10 अप्रैल 2026 को आरोपी ने धामनोद के दीपक होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी मुकर गया और धमकाने लगा। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब आरोपी की जेब से उसके आधार की फोटो कॉपी मिली जिसमें उसका असली नाम अब्दुल हादी पठान पहचान सामने आई। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कहा 'मुस्लिम बन जाओ, निकाह कर लूंगा...' विरोध करने पर उसे बदनाम करने और जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पुलिस ने कई विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है ।शादी का झांसा देकर फंसाया-होटल में ले जाकर दुष्कर्म, नाम बदलकर पहचान छिपाई, धर्म परिवर्तन का दबाव, जान से मारने की धमकी देना जैसे संगीन आरोप लगाए गए । धामनोद थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की, आरोपी पुलिस गिरफ्त में है।





# किसानों को तिलक लगा मुंह मीठा कराया, गेहूं की सरकारी खरीदी शुरू

**▶ भाजपा सरकार किसानों के सम्मान, समृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है : महंत निलेश भारती**



**धार** ।मध्य प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं की सरकारी तुलाई (खरीदी) 09 अप्रैल से धार जिले के विभिन्न गेहूं उपार्जन केंद्रो पर आरंभ हो गई है। मध्यप्रदेश में किसानों के हितैषी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार और भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा के नेतृत्व में शुक्रवार को भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पटेल ने गेहूं उपार्जन केंद्र धार पहुंचकर तोल कांटा पूजन का विधिवत पूजन-अर्चन एवं किसानों को तिलक, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर गेहूं खरीदी का शुभारंभ किया।

**▶ किसान समृद्धि के लिए सरकार कर रही काम...**

भाजपा जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और डॉ मोहन यादव प्रदेश सरकार किसानों के सम्मान, समृद्धि एवं आर्थिक सशक्तिकरण हेतु निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। सुव्यवस्थित गेहूं उपार्जन व्यवस्था सरकार की किसान हितैषी नीति एवं प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित भी किया कि अन्नदाताओं को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो और गेहूं खरीदी का कार्य सुचारू रूप से चलता रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष महेश रावला जिला मंत्री आरती पटेल किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रवि पाटीदार तिरला मंडल अध्यक्ष शुभम पाटीदार भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा रोहित पटीदार अनेक किसान एवं भाजपा के वरिष्ठ एवं कार्यकर्ता के उपस्थित रहे।

# माथुर कॉलोनी में सिलेंडर में आग फायर ब्रिगेड ने टाला बड़ा हादसा

**▶ रात 8 बजे किरायेदार के घर मची अफरा-तफरी, दमकल टीम की तत्परता से सुरक्षित बच सके लोग...**

**बदनावर।** माथुर कॉलोनी में बुधवार रात करीब 8 बजे रमेशचंद्र शर्मा के मकान में किरायेदार पार्वती बाई के घर रखे भारत गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई, लेकिन नगर परिषद की फायर ब्रिगेड टीम ने समय पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया और बड़ा हादसा टाल दिया।

जानकारी के अनुसार आग सिलेंडर के रेगुलेटर हिस्से में लगी, जिससे घर में मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही





नगर परिषद की दमकल मौके पर पहुंची, जहां फायरमैन योगेंद्र सिंह पवार और चालक नरेंद्र रील ने तत्परता दिखाते हुए कुछ ही देर में आग बुझा दी। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यदि दमकल समय पर नहीं पहुंचती तो आग आसपास के घरों तक फैल सकती थी और बड़ा नुकसान हो सकता था। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक लोगों की भीड़ जमा रही और नगर परिषद की टीम की सतर्कता चर्चा का विषय बनी रही।

# डही में किसानों के मुद्दों को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

**डही।** प्रदेश कांग्रेस , जिला कांग्रेस एंव क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल के निर्देश पर ब्लाक कांग्रेस और नगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

धार जिले सहित प्रदेश के किसान वर्तमान मे अपनी उपज गेहूं को लेकर अत्यंत चिंतित एंव परेशान है गेंहू खरीदी मे हो रही देरी के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है तथा उन्हे अपनी फसल औने पौने दामों पर बेचने के लिए मजबूर होना पड रहा है कांग्रेस जनो ने मांग की है कि शासन प्रदेश मे गेंहू खरीदी की प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से शिघ्र प्रारंभ किय जाए एंव किसानो के गेंहू का न्युनतम समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल सुनिश्चित किया जाए साथ ही सभी अनाज मंडियो मे पारदर्शी एंव सुचारू व्यवस्था की जाए ताकि किसानो को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। किसान हमारे देश की रीढ़ है और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ करना शासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है अतः शासन से मांग है कि शिघ्र सकारात्मक निर्णय लेते हुए किसानो को राहत प्रदान करें।

उक्त ज्ञापन राज्यपाल के नाम तहसील कार्यालय पर कर्मा को सौंपा। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राकेश नोरके, ब्लॉक कॉग्रेस अध्यक्ष बालूभाई चोंगड, नगर कांग्रेस अध्यक्ष नारायण माहेश्वरी, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र डावर, नगर युवक कांग्रेस अध्यक्ष छत्तरसिंह चौगड ठेकेदार, ब्लॉक युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष जुनेद पठान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता फकरा पटेल, महेन्द्र कोकजे, बहादुर वर्मा,प्रदिप सस्त्या, जनपद सदस्य भिकुसिंह चौहान, महेंद्र सिंह कवडा, सरपंच दिनेश भिडे, पार्षद महेंद्र सिंह कवचे मन्याभाई ठेकेदार, गंगाराम ठेकेदार,विक्रम सोलंकी,सुरसिंह पटेल उम्मेपुरा, मगन बघेल,विजय डावर, राकेश नाई, डोंगरगढ़ सोलंकी, किशोर चोंगड, भदुसिंह चोगड, सयदाम डावर, सयदाम डोडवा, कुल्या डावर, देवला डावर, संजय विस्की ,रमेश मंडलोई, गोवर्धन डावर, पारला पटेल सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ताओ उपस्थित हुए ज्ञापन का वाचन पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजेन्द्र डावर ने किया आभार प्रदर्शन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष बालूभाई चोंगड ने माना।

# सिंघार बोले: लोगों की मुस्कान ही मेरी ताकत

**धार ।नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार शुक्रवार को अपने निर्वाचन क्षेत्र गंधवानी के तिरला ब्लॉक के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत कोठड़ा के दौलतपुरा, आंबापुरा और छोटा उमरिया गांवों का सघन दौरा किया। भीषण गर्मी की दस्तक के बीच ग्रामीणों की सबसे बड़ी समस्या पानी को देखते हुए सिंघार ने तत्काल पेयजल टैंकरों की व्यवस्था कर उनका वितरण किया ।उन्होंने दौरे की शुरुवात शुक्रवार को गंधवानी विधानसभा के तिरला ब्लॉक के अडवी ग्राम पंचायत में श्री राम मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लेकर की।**

यह जानकारी नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि एडवोकेट अजय सिंह



ठाकुर ने दी। जमीन पर बैठकर सुनी समस्याए सिंघार का अंदाज एक बार फिर चर्चा में रहा। उन्होंने गांवों में किसी औपचारिक मंच के बजाय ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर उनकी बातें सुनीं। उन्होंने कहा आप सबके बीच बैठकर आपकी परेशानियों को समझना मेरा कर्तव्य है। इस समय पानी की सबसे ज्यादा जरूरत थी, जिसे प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास किया है।

**क्षेत्र में होंगे ये काम...**

पेयजल टैंकर वितरण कोठड़ा, दौलतपुरा, आंबापुरा और छोटा उमरिया में टैंकरों की व्यवस्था की गई ताकि गर्मियों में जल संकट न हो। बिजली संकट का समाधान ग्राम पंचायत सलकनपुर में सिंघार ने नवीन ट्रांसफार्म के लिए भूमिपूजन किया। इससे क्षेत्र में लो-वोल्टेज और कटौती की समस्या से राहत मिलेगी। सुविधाओं का विस्तार सिंघार ने भरोसा दिलाया कि हर गांव और हर घर तक बुनियादी सुविधाएं सम्मान के साथ पहुंचाई जाएंगी।

**एक नजर में** ▶ **सोयाबीन बोवनी, मिट्टी की उर्वरता और पर्यावरण बचाने के लिए प्रशासन से की मांग**

# खेड़ा में नरवाई नोटिस पर विवाद, किसानों ने की समाधान की मांग

**बदनावर।** ग्राम खेड़ा में नरवाई जलाने के नोटिसों को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच विवाद अब समाधान की मांग तक पहुंच गया है। शुक्रवार को किसानों ने राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।

इसमें आरोप लगाया कि बिना मौके की जांच झूठे नोटिस जारी कर उन्हें डराया जा रहा है और वसूली का दबाव बनाया जा रहा है। किसानों का कहना है कि 31 मार्च को क्षेत्र में बारिश और ओलावृष्टि हुई थी, जिससे कई खेतों की खड़ी फसल को नुकसान पहुंचा, ऐसे में उसी दिन नरवाई जलाने का दावा वास्तविकता से परे है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि न पटवारी खेतों तक पहुंचे और न कृषि विभाग का कोई अधिकारी, फिर भी प्रिंटेड



प्रारूप पर नाम भरकर कार्रवाई की जा रही है। इसी बीच किसानों ने एक बड़ा व्यावहारिक मुद्दा भी उठाया कि यदि नरवाई नहीं जलाई जाती, तो अगली सोयाबीन फसल की समय पर बोवनी में भारी दिक्कत आती है और खेत में बचा अवशेष बुवाई को प्रभावित करता है। किसानों ने मांग की कि प्रशासन केवल नोटिस और प्रतिबंध तक सीमित न रहे, बल्कि नरवाई नष्ट करने के आधुनिक, कम लागत और वैज्ञानिक उपाय गांव-गांव तक पहुंचाए। उनका कहना है कि हैप्पी सीडर, मल्चर, रोटावेटर, सुपर सीडर और जैविक अपघटन घोल जैसे विकल्पों की जानकारी छोटे से छोटे गांव तक पटवारी, ग्राम सेवक और कृषि विभाग के माध्यम से दी जाए, ताकि मिट्टी की उर्वरक क्षमता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण कम हो और किसान आर्थिक बोझ से भी बच सकें। वहीं मामले में एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने प्रशासन का पक्ष स्पष्ट करते हुए कहा कि किसी भी किसान को बिना जांच नोटिस जारी नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि सैटेलाइट से प्राप्त डाटा भोपाल से आता है और रिपोर्ट प्रशासन तक पहुंचने में 2 से 3 दिन का समय लग जाता है। ऐसे में नोटिस पर 31 मार्च की तारीख होने का अर्थ यह नहीं कि घटना उसी दिन हुई हो, बल्कि यह दो-तीन दिन पहले की भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि डाटा मिलने के बाद ग्राम सेवक और पटवारी संयुक्त रूप से खेत पर पहुंचकर निरीक्षण करते हैं, मौका पंचनामा तैयार करते हैं और जांच रिपोर्ट के आधार पर ही तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी किया जाता है। एसडीएम ने माना कि कई बार सैटेलाइट गलत कोऑर्डिनेट्स भी कैप्चर कर लेता है, इसलिए मौके की जांच सबसे महत्वपूर्ण होती है। प्रशासन यह भी सुनिश्चित करता है कि खेत में वास्तव में नरवाई जलाई गई थी या केवल कचरा अथवा पेड़ों के पत्ते जलाए गए थे। यदि जांच में नरवाई जलाना सिद्ध नहीं होता, तो किसी प्रकार का जुर्माना नहीं लगाया जाता। इस पूरे घटनाक्रम ने अब किसानों की चिंता, वैज्ञानिक खेती और प्रशासनिक प्रक्रिया तीनों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।